भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3286

जिसका उत्तर दिनांक 31.03.2022 को दिया जाना है

कुडनकुलम विद्युत संयंत्र के कार्य की स्थिति

3286 श्री अबीर रंजन बिस्वास :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कुडनकुलम विद्युत संयंत्र की इकाई 3, 4, 5 और 6 में कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इस विद्युत संयंत्र में चल रहे निर्माण कार्य पर रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का असर पड़ेगा;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या रूस पर लगाए गए प्रतिबन्धों का न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की रोसाटम के साथ चल रही डील पर असर पड़ेगा; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) रूसी परिसंघ के सहयोग से स्थापित की जा रही कूडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना की यूनिट 3 व 4 और 5 व 6 वर्तमान में निर्माणाधीन है । केकेएनपीपी 3 व 4 और केकेएनपीपी 5 व 6 ने फरवरी 2022 को क्रमशः 58.22% और 8.12% की समग्र वास्तविक प्रगति प्राप्त कर ली है ।

(ख) तथा (ग) परियोजना पूर्ण होने के नियत समय के प्रभावित होने की संभावना है । किस हद तक और कितना प्रभाव पड़ेगा, इसका आंकलन करना कठिन है क्योंकि स्थिति अभी तक विकसित होती जा रही है । युक्रेन और रूस से आयातित किए जाने वाले घटकों और उपकरणों में, युद्ध से उत्पन्न लॉजिस्टिकल और समुद्री मालभाड़ा समस्याओं के कारण विलंब हो सकता है ।

(घ) तथा (ड़) जी, नहीं । रोसाटम, वर्तमान में, मंजूरी के अधीन कंपनी नहीं है ।

* * * * *